राजस्थान राज्य महावृक्ष प्रतियोगिता की शुरुआत

चर्चा में क्यों?

11 अगस्त, 2023 को राजस्थान राज्य जैव विविधिता बोर्ड ने स्थानीय वृक्षों के संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य महावृक्ष प्रतियोगिता की शुरुआत की है।

प्रमुख बिंदु

- प्रतियोगिता के माध्यम से आमजन किसी जीवित बड़े वृक्ष का नामांकन कर नगद पुरस्कार जीत सकते हैं। नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2023 है।
- बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न प्रजातियों के बड़े वृक्षों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये आमजन द्वारा स्थानिक एवं सांस्कृतिक रूप से मूल्यवान वृक्ष प्रजातियों की प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं।
- इसमें पीपल, बरगद, रोहिनी, आम, चिरोंजी, सीताफल, खजूर, कैर, कल्प वृक्ष, आँवला, शीशम, गूगल, आकाशनीम, रोहिड़ा, शहतूत, बीलपत्र, कदंब, सागवान, अमलतास, इमली, नीम, खेजड़ी सहित 113 प्रजातियों के वृक्षों को सूचीबद्ध किया गया है।
- आमजन इन प्रजातियों के बड़े पुराने वृक्ष की फोटो के साथ प्रविष्टियाँ ऑफलाइन भेज सकते हैं। ऑनलाईन प्रविष्टियाँ आवेदक rsbblargetree@gmail.com पर ई-मेल या 6350697765 पर व्हाट्सएप कर भेज सकते हैं।
- बोर्ड द्वारा गठित समिति बड़े वृक्ष का चयन करेगी और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।
- सूचीबद्ध प्रजातियों में से राज्य स्तर पर सबसे बड़े वृक्ष को 1500 रुपए, ज़िला स्तर पर सबसे बड़े वृक्ष को 1500 रुपए, क्षेत्रफल की दृष्टि से कैनोपी से आच्छादित सबसे बड़े वृक्ष को 3000 रुपए और विभिन्न एवं विशिष्ट रूपात्मक विशेषताओं वाले सर्वश्रेष्ठ दस वृक्षों को 1500 रुपए प्रति वृक्ष का पुरस्कार दिया जाएगा।
- साथ ही, इस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये विभाग, एनजीओ, एजेंसी अथवा बीएमसी को विशेष पुरस्कार के अंतर्गत 11 हज़ार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/beginning-of-rajasthan-state-mahavriksh-competition